## भाग – IV / PART – IV

## राजनीतिशास्त्र / POLITICAL SCIENCE

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.

**91.** मानव अधिकार की सार्वभौमिक घोषणा में कौन-सा अधिकार शामिल *नहीं* है ?

(1) मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार।

(2) प्रत्येक व्यक्ति को आराम करने और फुर्सत पाने का अधिकार है।

(3) अपने देश की सरकार में भाग लेने का अधिकार।

(4) उत्पीड़न से बचने के लिए अन्य देशों में शरण मांगने और उसका आनंद लेने का अधिकार।

**92.** निम्नलिखित में से कौन-सा संवैधानिक प्रावधान *नहीं* है ?

(1) लोकसभा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लिए स्थानों का आरक्षण संविधान के प्रारम्भ से 80 वर्ष की अवधि की समाप्ति तक रहेगा।

(2) लोकसभा में नाम निर्देशन द्वारा आंग्ल-भारतीयों के प्रतिनिधित्व संबंधी उपबंध संविधान के प्रारम्भ से 70 वर्ष की अवधि की समाप्ति तक रहेगा।

(3) सेवाओं और पदों के लिए अनुसूचित जातियों और जन जातियों को आरक्षण संविधान के प्रारम्भ से 80 वर्ष की अवधि की समाप्ति तक रहेगा।

(4) राज्य विधान सभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लिये स्थानों का आरक्षण संविधान के प्रारम्भ से 80 वर्ष की अवधि की समाप्ति तक रहेगा।

**91.** Which right is ***not*** included in the Universal Declaration of Human Right ?

(1) Right to get elementary education in mother tongue.

(2) Everyone has the right to rest and leisure.

(3) Right to take part in the government of his country.

(4) Right to seek and to enjoy in other countries asylum from persecution.

**92.** Which of the following is ***not*** a constitutional provision ?

(1) Reservation of seats for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the House of the People will continue till the expiration of a period of 80 years from the commencement of the Constitution.

(2) The provision regarding representation of Anglo-Indians by nomination in the House of the People will continue till the expiration of a period of 70 years from the commencement of the Constitution.

(3) Reservation of seats for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes in services and posts will continue till the expiration of a period of 80 years from the commencement of the Constitution.

(4) Reservation of seats for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes in the State Legislative Assemblies shall continue until the expiration of a period of 80 years from the commencement of the Constitution.

93. संयुक्त राष्ट्र की महासभा के बारे में कौनसा कथन सही *नहीं* है ?

(1) यह सार्वभौमिक प्रतिनिधित्व वाला एकमात्र संयुक्त राष्ट्र निकाय है।

(2) प्रत्येक वर्ष, सितम्बर में, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य वार्षिक महासभा सत्र के लिए वाशिंगटन में मिलते हैं।

(3) शांति और सुरक्षा, नए सदस्यों के प्रवेश और बजटीय मामलों जैसे महत्त्वपूर्ण प्रश्नों पर निर्णय लेने के लिए महासभा के दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है।

(4) प्रत्येक वर्ष महासभा एक वर्ष के कार्यकाल के लिए महासभा अध्यक्ष का चुनाव करती है।

94. दल परिवर्तन के आधार पर निरहर्ता संबंधित प्रावधानों के संदर्भ में सही *नहीं* है :

(1) इन प्रावधानों के दायरे में राजनीतिक दल की टिकट पर निर्वाचित, मनोनीत और निर्दलीय उम्मीदवार सभी आते हैं।

(2) दल परिवर्तन के आधार पर निरहर्ता का दल विभाजन की दशा में लागू होना।

(3) दल परिवर्तन के आधार पर निरहर्ता का विलय की दशा में लागू न होना।

(4) अनुसूची 10 के अधीन निरहर्ता के प्रश्न पर यथास्थिति सदन के सभापति या अध्यक्ष का विनिश्चय अंतिम होगा।

93. Which one statement is ***not*** true regarding General Assembly of United Nations ?

(1) It is the only UN body with universal representation.

(2) Each year, in September, the full UN membership meets in Washington for the annual General Assembly session.

(3) Decisions on important questions, such as those on peace and security, admission of new members and budgetary matters, require a two-thirds majority of the General Assembly.

(4) The General Assembly, each year, elects a GA President to serve a one-year term of office.

94. Disqualification on the basis defection is ***not*** correct in the context of the relevant provisions :

(1) All candidates elected on the ticket of a political party, nominated and independent candidates come under the purview of these provisions.

(2) Disqualification on ground of defection apply in case of split.

(3) Disqualification on ground of defection not to apply in case of merger.

(4) The decision of the Chairman or Speaker of the House, as the case may be, on the question of disqualification under Schedule 10 shall be final.

95. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के संविधान में हिंदी भाषा के लिए संघ के कर्त्तव्य में शामिल *नहीं* है ?

(1) हिन्दी भाषा का प्रसार बढ़ाना।

(2) हिन्दी भाषा का विकास करना।

(3) हिन्दुस्तानी और आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भाषाओं में प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करना।

(4) हिन्दी के वैश्विक प्रयोजन को सुगम बनाने के लिए तकनीकी शब्दावली विकसित करना।

96. इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में पनडुब्बी-रोधी युद्ध रणनीति को बढ़ाने के लिए बहुराष्ट्रीय अभ्यास को क्या कहा जाता है ?

(1) सी रोअर

(2) सी ड्रैगन

(3) सी सुनामी

(4) द हिडन सी

95. Which of the following is ***not*** included in the duty of the Union for Hindi language in the Constitution of India ?

(1) To promote the spread of Hindi language.

(2) To develop Hindi language.

(3) To secure its enrichment by assimilating the forms style and expressions used in Hindustani and the other languages specified in the Eighth Schedule.

(4) To develop technical terminology to facilitate the global use of Hindi.

96. What is the multinational exercise called to enhance anti-submarine warfare tactics in Indo-pacific region ?

(1) Sea Roar

(2) Sea Dragon

(3) Sea Tsunami

(4) The hidden sea

C643092

**97.** विधि आयोग द्वारा सुझाए गए चुनाव सुधारों के संबंध में कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(1) चुनावों के लिए पूर्ण राज्य वित्त पोषण (स्टेट फंडिंग) की व्यवस्था व्यवहार्य नहीं है।

(2) आयोग भारत में अनिवार्य मतदान (कंपलसरी वोटिंग) की शुरूआत की सिफारिश नहीं करता है।

(3) विधि आयोग वर्तमान में NOTA सिद्धान्त के विस्तार के रूप में 'खारिज करने के अधिकार' प्रदान करने से मना करता है।

(4) विधि आयोग पंचायती राज संस्थाओं में 'वापस बुलाने के अधिकार' (राइट टू रिकॉल) लागू करने के पक्ष में है।

**98.** निम्नलिखित में से किस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में राज्य सरकार को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षण कोटा को उप-विभाजित करने की अनुमति दी थी ?

(1) ई० वी० चिन्नैया मामला

(2) इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ मामला

(3) मद्रास राज्य बनाम चंपकम दोरैराजन मामला

(4) पंजाब राज्य बनाम देविंदर सिंह मामला

**97.** Which one statement is ***not*** correct regarding election reforms recommended by Law Commission ?

(1) System of complete state funding of elections is not feasible.

(2) Commission does not recommend the introduction of compulsory voting in India.

(3) The Law Commission currently rejects the extension of the NOTA principle to introduce a 'right to reject'.

(4) The Law Commission is in favour of introducing the 'right to recall' in Panchayati Raj Institutions.

**98.** In which of the following cases did the Supreme Court in its judgment allowed state government to sub divide the reservation quota meant for SCs and STs ?

(1) E. V. Chinnaiah case

(2) Indra Sawhney vs. Union of India case

(3) State of Madras vs. Champakam Dorairajan case

(4) State of Punjab vs. Devinder Singh case

99. नाभिकीय अप्रसार संधियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य *नहीं* है ?

(1) भारत ने न तो एनपीटी और न ही सीटीबीटी पर हस्ताक्षर किए हैं।

(2) 1996 की व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि अभी तक लागू नहीं हुई है।

(3) एनपीटी 1970 में लागू हुई थी।

(4) 11 मई 1995 को एनपीटी संधि को 2025 तक बढ़ा दिया गया।

100. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8 में 'सूचना के प्रकटीकरण से छूट' की सूची में कौन-सा शामिल *नहीं* है ?

(1) सूचना, भारत की संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करती है

(2) ऐसी जानकारी जिससे राज्य विधानमंडल के विशेषाधिकार का उल्लंघन हो सकता है

(3) कैबिनेट कागजात

(4) फाइल नोटिंग

99. Which one statement of the following is ***not*** true regarding nuclear non-proliferation treaties ?

(1) India has neither signed the NPT nor the CTBT.

(2) The 1996 Comprehensive Nuclear Test Ban Treaty has yet to enter into force.

(3) The NPT entered into force in 1970.

(4) On 11 May 1995, the Treaty was extended till 2025.

100. Which one is ***not*** included in list of 'exemption from disclosure of information' in section 8 of Right to Information Act, 2005 ?

(1) Information, affect the sovereignty and integrity of India

(2) Information that may cause a breach of privilege of state legislature

(3) Cabinet papers

(4) File noting

C64309

101. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन आसियान के संबंध में *गलत* है ?

(1) आसियान की स्थापना 1967 में मनीला घोषणा द्वारा की गई थी।

(2) पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन ईएएस की स्थापना 2005 में आसियान पहल के रूप में की गई थी।

(3) भारत पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन का संस्थापक सदस्य है।

(4) आसियान के संस्थापक देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड हैं।

102. कौन-से पद के लिए निर्वाचन के अधीक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण की शक्ति भारत के निर्वाचन आयोग में निहित *नहीं* है ?

(1) विधान परिषद सदस्य

(2) उपराष्ट्रपति

(3) नगर निगम सदस्य

(4) राज्य सभा सदस्य

103. पुस्तक/रिपोर्ट/विचार और उसके लेखक/प्रस्तावक के *गलत* संयोजन की पहचान करें :

| | (पुस्तक/रिपोर्ट/विचार) | (लेखक/प्रस्तावक) |
|---|---|---|
| (1) | साइलेंट स्प्रिंग | – राहेल कार्सन |
| (2) | द ट्रेजडी ऑफ द कॉमनृस | – क्लब ऑफ रोम |
| (3) | गैया परिकल्पना | – जेम्स लवलॉक |
| (4) | डीप इकोलॉजी | – आर्ने नेस |

101. Which of the following statement regarding ASEAN is ***incorrect***?

(1) ASEAN was established by Manila Declaration in 1967.

(2) East Asia Summit EAS was established in 2005 as an ASEAN initiative.

(3) India is the founding member of East Asia Summit.

(4) Founding Countries of ASEAN are Indonesia, Malaysia, Philippines, Singapore and Thailand.

102. For which post the power to supervise, direct and control the election is ***not*** vested in the Election Commission of India ?

(1) Member of Legislative Council

(2) Vice President

(3) Member of Municipal Corporation

(4) Member of Rajya Sabha

103. Identify ***incorrect*** combination of book/report/idea and its writer /proposer.

| | (Book/report/idea) | (writer/proposer) |
|---|---|---|
| (1) | Silent spring | – Rachel Carson |
| (2) | The Tragedy of the Commons | – Club of Rome |
| (3) | Gaia Hypothesis | – James Lovelock |
| (4) | Deep ecology | – ARNE NaESS |

104. लेखक और पुस्तक/लेख का कौन-सा संयोजन सही *नहीं* है ?

(1) एनार्की इज व्हॉट स्टेटस् मेक ऑफ इट : द सोशल कन्सट्रक्शन ऑफ पॉवर पॉलिटिक्स — अलेक्जेंडर वेंड्ट
(2) थ्योरी इज ऑलवेज फॉर समवन एंड फॉर सम परपज — एंड्रयू लिंकलेटर
(3) व्हाई इज देयर नो इंटरनेशनल थियरी — मार्टिन वाइट
(4) द ट्रेजेडी ऑफ ग्रेट पॉवर पॉलिटिक्स — जॉन मियर्सहाइमर

105. भारत में उच्च न्यायालयों के संबंध में कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(1) उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों को स्थानांतरित करने की शक्ति राष्ट्रपति के पास है।
(2) भारत का कोई नागरिक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद के लिए पात्र है, यदि वह राष्ट्रपति की राय में प्रतिष्ठित विधिवेत्ता है।
(3) भारत में 25 उच्च न्यायालय हैं।
(4) प्रत्येक उच्च न्यायालय अभिलेख न्यायालय होगा।

106. भारत और अमेरिका के बीच चार आधारभूत समझौते हैं :

I. COMCASA
II. BECA
III. LEMOA
IV. GSOMIA

इन समझौतों का सही कालानुक्रमिक क्रम क्या है ?

(1) III-I-II-IV (2) IV-III-I-II
(3) II-III-I-IV (4) IV-II-I-III

104. Which one is ***not*** correct combination of writer and book/article ?

(1) Anarchy is what states make of it : the social construction of power politics – Alexander Wendt
(2) Theory is always for some one and for some purpose — Andrew Linklater
(3) Why is there no international theory — Martin Wight
(4) The tragedy of Great power politics — John Mearsheimer

105. Which one is ***not*** correct regarding High Courts in India ?

(1) Power to transfer judges of High Courts lies in President.
(2) A citizen of India is eligible for the post of justice of High Court if he/she is, in the opinion of President, distinguished jurist.
(3) There are 25 High Courts in India.
(4) Every high court shall be a courts of record.

106. Four foundational agreements between India and USA are :

I. COMCASA
II. BECA
III. LEMOA
IV. GSOMIA

What is the right chronological order of these agreements ?

(1) III-I-II-IV (2) IV-III-I-II
(3) II-III-I-IV (4) IV-II-I-III

C643092

**107.** विश्व व्यापार संगठन में मुख्य निर्णय लेने वाला निकाय कौन-सा है ?

(1) सचिवालय

(2) माल व्यापार परिषद्

(3) सामान्य परिषद्

(4) मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

**108.** किसने सुपरपावर को "महान शक्ति और शक्ति की महान गतिशीलता" के रूप में परिभाषित किया है ?

(1) रुडोल्फ जेलन

(2) ई. एच. कैर

(3) विलियम टी. आर. फॉक्स

(4) हंस मॉर्गेंथाऊ

**109.** निम्नलिखित में से कौन-सी राज्य विधानमंडल की शक्ति *नहीं* है ?

(1) राज्य की संचित निधि में से पंचायतों के लिए सहायता अनुदान देने का उपबंध करना।

(2) पंचायतों द्वारा लेखे रखे जाने और ऐसे लेखाओं की संपरीक्षा करने के बारे में उपबंध करना।

(3) मध्यवर्ती स्तर या जिला स्तर पर किसी पंचायत के अध्यक्ष के निर्वाचन की रीति के बारे में उपबंध करना।

(4) पंचायतों को सामाजिक न्याय एवं आर्थिक विकास के लिए योजनाएँ तैयार करने के लिए शक्तियों और दायित्व का प्रत्यायन करना।

**107.** Which one is the main decision-making body in the WTO ?

(1) Secretariat

(2) The Council for Trade in Goods

(3) General Council

(4) Ministerial Conference

**108.** Who defined Superpower as the "great power plus great mobility of power" ?

(1) Rudolf Jelen

(2) E. H. Carr

(3) William T. R. Fox

(4) Hans Morgenthau

**109.** Which of the following is ***not*** the power of the State Legislature ?

(1) To provide for grants-in-aid to the Panchayats from the Consolidated Fund of the State.

(2) To make provisions for the maintenance of accounts by the Panchayats and the auditing of such accounts.

(3) To provide for the manner of election of the Chairman of a Panchayat at the intermediate level or the district level.

(4) To delegate powers and responsibilities to Panchayats to prepare plans for social justice and economic development.

110. केनेथ वाल्ट्ज और नव यथार्थवादी के रूप में उनके योगदान के बारे में कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(1) वाल्ट्ज ने 1959 में 'मैन, द स्टेट, एंड वॉर' : ए थियरेटिकल एनालिसिस पुस्तक लिखी थी।

(2) उन्होंने 1979 में 'थ्योरी ऑफ इंटरनेशनल पॉलिटिक्स' लिखी थी।

(3) उन्होंने तर्क दिया कि राज्य की पहली चिंता शक्ति को अधिकतम करना है।

(4) उनका तर्क है कि द्विध्रुवीय प्रणाली बहुध्रुवीय प्रणाली की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण है।

111. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन QUAD के बारे में सही *नहीं* है ?

(1) QUAD एक अनौपचारिक रणनीतिक मंच है।

(2) QUAD मंच में चार राष्ट्र शामिल हैं — अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान।

(3) QUAD नेताओं का अगला शिखर सम्मेलन 2025 में भारत में होगा।

(4) QUAD के मुख्य उद्देश्य में शामिल हैं — नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था, नेविगेशन की स्वतंत्रता और अटलांटिक में रणनीतिक समुद्री मार्गों को किसी भी सैन्य प्रभाव से मुक्त रखना।

112. 2001 में एससीओ के निर्माण से पहले, निम्नलिखित में से कौन शंघाई फाइव के सदस्य *नहीं* थे ?

(1) चीन (2) रूस

(3) ताजिकिस्तान (4) उज्बेकिस्तान

110. Which one statement is ***not*** correct regarding Kenneth Waltz and his contribution as Neo Realist ?

(1) Waltz wrote 'Man, the State, and War' : A Theoretical Analysis in 1959.

(2) He wrote 'Theory of International Politics' in 1979.

(3) He argued that the first concern of state is to maximise power.

(4) He argues that bipolar system are more peaceful than multipolar system.

111. Which one statement is ***not*** correct regarding QUAD ?

(1) The QUAD is an informal strategic forum.

(2) The QUAD forum comprising four nations — The USA, India, Australia and Japan.

(3) The next QUAD leader's summit will be held in India in 2025.

(4) Core objective of QUAD includes — rule based global order, freedom of navigation and keep strategic sea routes in Atlantic free of any military influences.

112. Prior to the creation of SCO (The Shanghai Cooperation Organization) in 2001, which among the following were ***not*** the members of Shanghai five ?

(1) China (2) Russia

(3) Tajikistan (4) Uzbekistan

113. संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद के बारे में कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(1) इसमें 15 सदस्य हैं और प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट है।

(2) महासभा तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए 10 गैर-स्थायी सदस्यों का चुनाव करती है।

(3) सुरक्षा परिषद में एक अध्यक्षता होती है, जो हर महीने बदलती रहती है।

(4) चार्टर के तहत, सभी सदस्य राज्यों को परिषद के निर्णयों का पालन करना अनिवार्य है।

114. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में नवयथार्थवाद के बारे में कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(1) नवयथार्थवाद आमतौर पर द्विध्रुवीय प्रणाली (बाइपोलर सिस्टम) को स्थिरता से जोड़ता है।

(2) नवयथार्थवादी शक्ति संतुलन को अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली की संरचनात्मक गतिशीलता के परिणाम के रूप में देखते हैं।

(3) नवयथार्थवादियों के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली में असंतुलन के बजाय संतुलन के पक्ष में एक-सामान्य पूर्वाग्रह है।

(4) नवयथार्थवादी का दावा है कि राज्य पूर्ण लाभ (ऐब्रसोल्यूट गेन) के बारे में अधिक चिंतित हैं।

113. Which one statement is ***not*** true regarding Security Council of United Nations ?

(1) It has 15 members and each member has one vote.

(2) The General Assembly elects 10 non-permanent members for three year terms.

(3) The Security Council has a Presidency, which rotates, and changes, every month.

(4) Under the Charter, all member States are obligated to comply with Council decisions.

114. Which one statement is ***not*** true regarding Neorealism in international politics ?

(1) Neorealism generally associated bipolar system with stability.

(2) Neorealist see balance of power as a consequence of the structural dynamics of the international system.

(3) According to Neorealists there is a general bias in international system in favour of balance rather than imbalance.

(4) Neorealist asserts that states are more concerned with absolute gains.

15. सिद्धांत और सिद्धांतकार का कौन-सा संयोजन सही *नहीं* है ?

(1) नारीवाद – जे. ऐन टिकनर

(2) रचनावाद – अलेक्जेंडर वेंड्ट

(3) आलोचनात्मक सिद्धान्त – रॉबर्ट कॉक्स

(4) उत्तर-उपनिवेशवाद – एंड्रयू लिंकलेटर

116. उदारवाद के सिद्धान्त के विभिन्न रूपों और उनके फोकस क्षेत्रों के *सही* संयोजन का मिलान करें :

| सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|
| (i) समाजशास्त्रीय उदारवाद | (a) | अंतर्राष्ट्रीय संस्था और शासन |
| (ii) अंतरनिर्भरता उदारवाद | (b) | लेन-देन सहयोग को प्रोत्साहित करता है |
| (iii) संस्थागत उदारवाद | (c) | उदार लोकतंत्र एक दूसरे के साथ शांति से रहता है |
| (iv) गणतंत्रवादी उदारवाद | (d) | सीमा पार प्रवाह, समान मूल्य |

*कोड :*

(1) i-(a) ii-(d) iii-(c) iv-(b)

(2) i-(c) ii-(b) iii-(a) iv-(d)

(3) i-(d) ii-(b) iii-(a) iv-(c)

(4) i-(d) ii-(c) iii-(b) iv-(a)

C643092



115. Which is ***not*** right combination of theory and theorist ?

(1) Feminism – J. Ann Tickner

(2) Constructivism – Alexander Wendt

(3) Critical Theory – Robert Cox

(4) Post-colonialism – Andrew Linklater

116. Match the ***correct*** combination of different variations of theory of liberalism and their focus areas :

| List-I | | List-II |
|---|---|---|
| (i) Sociological Liberalism | (a) | International institutions and regimes |
| (ii) Interdependence Liberalism | (b) | Transactions stimulate cooperation |
| (iii) Institutional Liberalism | (c) | Liberal democracies living in peace with each other |
| (iv) Republican Liberalism | (d) | Cross- border flows, common values |

***Codes :***

(1) i-(a) ii-(d) iii-(c) iv-(b)

(2) i-(c) ii-(b) iii-(a) iv-(d)

(3) i-(d) ii-(b) iii-(a) iv-(c)

(4) i-(d) ii-(c) iii-(b) iv-(a)

117. अंतर्राष्ट्रीय अधिकार विधेयक (इंटरनेशनल बिल ऑफ राइट्स) में निम्नलिखित में से कौन-सा शामिल *नहीं* है ?

(1) महिलाओं के विरुद्ध सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर अभिसमय

(2) मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (UDHR)

(3) नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा (ICCPR)

(4) आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा (ICESCR)

118. नगरपालिकाओं के प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा *सही* है ?

(1) संविधान का भाग-9क 'नगरपालिकाएँ' संविधान के 73वें संशोधन अधिनियम, 1992 द्वारा सम्मिलित किया गया था।

(2) वृहत्तर नगरीय क्षेत्र के लिए 'नगर पालिका परिषद' के गठन का प्रावधान है।

(3) राज्यपाल नगरपालिका में नगरपालिका प्रशासन का विशेष ज्ञान या अनुभव रखने वाले व्यक्तियों के प्रतिनिधित्व की व्यवस्था कर सकता है।

(4) राज्य विधानमंडल विधि द्वारा किसी नगरपालिका के अध्यक्ष के चुनाव के तरीके का प्रावधान कर सकता है।

117. Which one of the following is ***not*** included in International Bill of Rights ?

(1) The Convention on the Elimination of All Forms of Discrimination against Women

(2) Universal Declaration of Human Rights (UDHR)

(3) International Covenant on Civil and Political Rights (ICCPR)

(4) International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights (ICESCR)

118. Which of the following is ***correct*** regarding the provisions for municipalities ?

(1) Part-IXA 'The Municipalities' of the Constitution was inserted by the 73rd Amendment Act of the Constitution, 1992.

(2) There is a provision for the formation of a 'Municipal Council' for the larger urban area.

(3) The Governor can provide for the representation of persons having special knowledge or experience of municipal administration in the municipality.

(4) The State Legislature may by law provide for the manner of election of the Chairman of a municipality.

C643092

119. कौन-सा संयोजन सही *नहीं* है ?

| (भारत का बचाव अभियान) | | (संबद्ध देश) |
|---|---|---|
| (1) ऑपरेशन राहत | — | कुवैत |
| (2) ऑपरेशन कावेरी | — | सूडान |
| (3) ऑपरेशन सुकून | — | लेबनान |
| (4) ऑपरेशन मैत्री | — | नेपाल |

120. अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में बहस की संख्या और बहस के शीर्षक का मिलान करें :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (i) पहली महान बहस | (a) व्यवहारवादी बनाम परंपरावादी |
| (ii) दूसरी महान बहस | (b) प्रत्यक्षवादी बनाम उत्तर प्रत्यक्षवादी |
| (iii) तीसरी महान बहस | (c) यथार्थवादी, उदारवादी बनाम नव मार्क्सवादी |
| (iv) चौथी महान बहस | (d) यूटोपियन उदारवादी बनाम यथार्थवादी |

*कोड :*

(1) i-(a) ii-(c) iii-(d) iv-(b)

(2) i-(c) ii-(b) iii-(a) iv-(d)

(3) i-(a) ii-(c) iii-(d) iv-(b)

(4) i-(d) ii-(a) iii-(c) iv-(b)

119. Which one is ***not*** correct combination ?

| **(India's Rescue Mission)** | | **(Associated country)** |
|---|---|---|
| (1) Operation Raahat | — | Kuwait |
| (2) Operation Kaveri | — | Sudan |
| (3) Operation Sukoon | — | Lebanon |
| (4) Operation Maitri | — | Nepal |

120. Match number of debate and debate title in international politics :

| **List-I** | **List-II** |
|---|---|
| (i) First Great debate | (a) Behaviouralist vs. Traditionalist |
| (ii) Second Great Debate | (b) Positivist vs. Post Positivist |
| (iii) Third Great Debate | (c) Realist, Liberals vs. neo Marxist |
| (iv) Fourth Great Debate | (d) Eutopian Liberalism vs. Realist |

***Codes :***

(1) i-(a) ii-(c) iii-(d) iv-(b)

(2) i-(c) ii-(b) iii-(a) iv-(d)

(3) i-(a) ii-(c) iii-(d) iv-(b)

(4) i-(d) ii-(a) iii-(c) iv-(b)

121. राजनीतिक दूरदर्शी लोगों को 'महाकाव्य सिद्धांतकारों' (एपिक थ्योरिस्ट) के रूप में कौन वर्गीकृत करता है ?

(1) वोलिन
(2) लियो स्ट्रॉस
(3) हन्ना आरेंट
(4) एम० ओकशॉट

122. मंत्रिपरिषद एवं इससे संबंधित प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य *नहीं* है ?

(1) मंत्रिपरिषद में प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या लोक सभा के सदस्यों की कुल संख्या के पंद्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।
(2) मंत्री प्रधानमंत्री के प्रसाद पर्यंत पद पर बने रहेंगे।
(3) मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से लोक सभा के प्रति उत्तरदायी होगी।
(4) प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जायेगी।

123. पहली बार देश में द्विसदनीयता और प्रत्यक्ष निर्वाचन की व्यवस्था प्रारंभ की गई थी :

(1) भारत शासन अधिनियम – 1935
(2) इण्डियन कौंसिल एक्ट – 1909
(3) इंडिया इंडिपेंडेंस एक्ट – 1947
(4) भारत शासन अधिनियम – 1919

121. Who classified political visionaries as 'epic theorists' ?

(1) Wolin
(2) Leo Strauss
(3) Hanna Ardent
(4) M. Oakeshott

122. Which one of the following statement is ***not*** true regarding council of ministers and provision related to this ?

(1) The total number of Ministers, including the Prime Minister, in the Council of Ministers shall not exceed fifteen percent of the total number of members of the House of the People.
(2) The Ministers shall hold office during the pleasure of the Prime Minister.
(3) The Council of Ministers shall be collectively responsible to the House of the People.
(4) The prime minister shall be appointed by the president.

123. For the first time the system of bicameralism and direct elections was introduced in the country :

(1) Government of India Act – 1935
(2) Indian Council Act – 1909
(3) India Independence Act – 1947
(4) Government of India Act – 1919

C5643092

124. अमेरिका में 1819 के मैक्कलोच बनाम मैरीलैंड निर्णय से कौन-से सिद्धान्त को मान्यता मिली ?

(1) निहित शक्तियों का सिद्धांत।

(2) नियंत्रण एवं संतुलन का सिद्धान्त।

(3) गणना एवं अनुशासन का सिद्धान्त।

(4) संविधान की सर्वोच्चता और न्यायिक पुनरावलोकन का सिद्धान्त।

125. निम्नलिखित में से कौन-से कथन *सही* हैं ?

I. जे. एस. मिल ने बहुल मतदान की प्रणाली का प्रस्ताव रखा।

II. थॉमस पेन ने जोर देकर कहा कि 'निर्वाचितों को कभी भी अपने लिए मतदाताओं से अलग कोई हित नहीं जोड़ना चाहिए।'

III. मेंडेट मॉडल का सुझाव है कि केवल वे लोग ही, जो किसी विशेष समूह से आते हैं और समूह के अनुभव को साझा करते हैं, उसके हितों से पहचान कर सकते हैं।

(1) केवल I

(2) केवल I तथा II

(3) केवल I तथा III

(4) केवल III

124. Which principle was recognized in America by the McCulloch vs Maryland decision of 1819 ?

(1) The principle of implied powers.

(2) The principle of checks and balances.

(3) The principle of calculation and discipline.

(4) The principle of supremacy of the constitution and judicial review.

125. Which of the following statements are ***correct*** ?

I. J. S. Mill proposed a system of plural voting.

II. Thomas Paine insists that 'the elected should never form to themselves an interest separate from the electors'.

III. The mendate model suggests that only people who come from a particular group and have shared the experience of the group, can identify with its interest.

(1) Only I

(2) Only I and II

(3) Only I and III

(4) Only III



C643092

126. विल किमलिका ने समूह विभेदित अधिकारों के तीन रूपों की पहचान की है। निम्नलिखित में से कौन-सा इसमें शामिल *नहीं* है ?

(1) स्वशासन का अधिकार

(2) विशेष प्रतिनिधित्व अधिकार

(3) बहुजातीय अधिकार

(4) अल्पसंख्यक वीटो अधिकार

127. "कोई भी नागरिक इतना अमीर नहीं होगा कि दूसरे को खरीद सके और कोई इतना गरीब नहीं होगा कि खुद को बेचने के लिए मजबूर हो जाए।" यह कथन किसके द्वारा लिखा गया है ?

(1) जॉन लॉक

(2) जे० जे० रूसो

(3) जॉन रॉल्स

(4) जे० एस० मिल

126. Will Kymlicka identifies three forms of group-differentiated rights. Which one of the following is ***not*** included in this ?

(1) Self-Government rights

(2) Special Representation rights

(3) Poly-ethnic rights

(4) Minority veto rights

127. "No citizen shall be rich enough to buy another and none so poor as to be forced to sell himself." This statement written by :

(1) John Locke

(2) J. J. Rousseau

(3) John Rawls

(4) J. S. Mill

C643092

128. दिए गए अभिकथन (A) और कारण (R) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा *सत्य* है ?

**अभिकथन (A) :** कनाडा एक असममित संघीय राज्य है।

**कारण (R) :** क्यूबेक, फ्रेंच भाषी प्रांत, अन्य अंग्रेजी भाषी प्रांतों के संबंध में कम स्वायत्तता प्राप्त है।

(1) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं एवं कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(2) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं लेकिन कारण (R) अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) अभिकथन (A) सत्य है और कारण (R) असत्य है।

(4) अभिकथन (A) असत्य है और कारण (R) सत्य है।

128. Which one of following ***true*** regarding given Assertion (A) and Reason (R) ?

**Assertion (A) :** Canada is a asymmetric federal state.

**Reason (R) :** Quebec, the French speaking province, enjoys less autonomy in relation to other English speaking provinces.

(1) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is a correct explanation of Assertion (A).

(2) Both Assertion (A) and Reason (R) are true but Reason (R) is not a correct explanation of Assertion (A).

(3) Assertion (A) is true and Reason (R) is false.

(4) Assertion (A) is false and Reason (R) is true.

C643092

129. अमेरिकी सीनेट के संदर्भ में, सीनेटोरियल शिष्टाचार के संबंध में कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(1) "सीनेटोरियल शिष्टाचार" सीनेट का औपचारिक नियम नहीं है।

(2) यह सीनेटरों के बीच एक मौन समझौते को संदर्भित करता है, कि राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत व्यक्ति का समर्थन नहीं करना अगर उस उम्मीदवार के गृह राज्य के सीनेटरों द्वारा उसके मनोनयन का विरोध किया जाता है।

(3) इसका संबंध केवल संघीय पदों से नहीं है।

(4) इससे सामूहिकता की भावना को बढ़ावा मिलता है।

130. कौन-सा कथन सत्य *नहीं* है ?

(1) शास्त्रीय राजनीतिक विचार अच्छे समुदाय, नागरिकता के दायित्व आदि के प्रश्नों से संबंधित है।

(2) मध्यकालीन राजनीतिक विचार बौद्धिक जीवन में ईसाई धर्मशास्त्र के प्रभुत्व से लिपटा हुआ था।

(3) आधुनिक काल तक राजनीतिक सिद्धान्त एक पाठ्य परंपरा (टेक्स्चुअल) रही है।

(4) समकालीन राजनीतिक सिद्धान्त 1970 के दशक में 'फाउंडेशनलिस्ट मोड' से प्रभावित हुआ है।

129. With reference to the US Senate, which statement regarding Senatorial Courtesy is ***not*** correct ?

(1) "Senatorial courtesy" is not a formal rule of the Senate.

(2) It refers to a tacit agreement among senators not to vote for any presidential nominee who is opposed by the senators from the nominee's home state.

(3) This is not related to federal posts only.

(4) This promotes the feeling of collegiality.

130. Which statement is ***not*** true ?

(1) The classical political thought is concerned with questions of the good community, the obligations of citizenship etc.

(2) Medieval political thought was wrapped up with the dominance of Christian theology in intellectual life.

(3) Political theory upto and including modern period has been a textual tradition.

(4) Contemporary political theory has been influenced by the 'foundationalist turn' in the 1970s.

C643092

131. जेना बेंडर के अनुसार भारतीय राजनीतिक प्रणाली संघवाद के सभी मानदंडों को पूरा नहीं करती है क्योंकि संघ के पास क्षेत्रीय इकाइयों को खत्म करने की शक्ति है। भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में संघ की इस शक्ति का प्रावधान है ?

(1) अनुच्छेद 3
(2) अनुच्छेद 356
(3) अनुच्छेद 358
(4) अनुच्छेद 312

132. राज्य अपनी आर्थिक सामर्थ्य और विकास की सीमाओं के भीतर प्रभावी उपबंध करेगा। यह किस अनुच्छेद में उल्लिखित नीति निदेशक तत्त्व के लिए प्रावधानित है ?

(1) अनुच्छेद 40
(2) अनुच्छेद 42
(3) अनुच्छेद 47
(4) अनुच्छेद 41

133. संसदीय समितियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(1) लोक लेखा समिति में 7 सदस्य राज्यसभा से निर्वाचित होते हैं।
(2) लोक लेखा समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति लोक सभा अध्यक्ष द्वारा लोक सभा में समिति के सदस्यों में से की जाती है।
(3) प्राक्कलन समिति में राज्य सभा का कोई सदस्य नहीं होता है।
(4) प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष का चुनाव लोक सभा के सदस्य करते हैं।

131. According to Jenna Bender Indian political system don't satisfy all criteria of federalism as Union has power to eliminate regional units. Which article of Indian constitution provisioned this power of union ?

(1) Article 3
(2) Article 356
(3) Article 358
(4) Article 312

132. The state shall make effective provision within the limits of its economic capacity and development. This is provided for the Directive Principles of State Policy mentioned in which article ?

(1) Article 40
(2) Article 42
(3) Article 47
(4) Article 41

133. Which of the following statement is ***not*** correct regarding Parliamentary Committees ?

(1) The Public Accounts Committee has 7 members elected from the Rajya Sabha.
(2) The Chairman of the Public Accounts Committee is appointed by the Speaker from amongst the members of the committee from Lok Sabha.
(3) There is no member of the Rajya Sabha in the Estimates Committee.
(4) The Chairman of the Estimates Committee is elected by the members of the Lok Sabha.

134. भारत के संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों में प्रावधानित संसद के बहुमत का प्रकार (प्रयुक्त पदबंध) और अनुच्छेद का सही संयोजन *नहीं* है :

(1) दोनों सदनों के संकल्पों द्वारा अनुमोदन — अनुच्छेद 356

(2) सदन की कुल संख्या का दो तिहाई — अनुच्छेद 368

(3) कुल सदन संख्या का बहुमत और उपस्थित तथा मत देने वालों का दो तिहाई — अनुच्छेद 352

(4) दोनों सदनों के उपस्थित और मत देने वालों के योग का बहुमत — अनुच्छेद 108

134. The correct combination of the type of majority in the Parliament (phrase used) and article provided in different articles of the Constitution of India is ***not*** :

(1) Approved by resolutions of both the Houses — Article 356

(2) Two-thirds of the total strength of the House — Article 368

(3) Majority of the total strength of the House and two-thirds of those present and voting — Article 352

(4) Majority of the total strength of those present and voting in both the Houses — Article 108

135. लेखक/विचारक और उनके द्वारा उन्नत विचारों के *असंगत* संयोजन की पहचान करें :

(1) एम. ओकशॉट — अनुभव के चार प्रमुख तरीकों (मोड) की पहचान की।

(2) वोगेलिन — व्यवहारवादियों के मूल्य मुक्त दृष्टिकोण को हठधर्मी नास्तिकता और अनुज्ञावादी समतावाद के साथ जोड़ता है।

(3) हन्ना आरेंट — राजनीतिक सिद्धान्त के पुनरुद्धार के आधार के रूप में मानवीय कार्यों में गरिमा और जिम्मेदार स्वतंत्रता की भावना को माना।

(4) जॉन रॉल्स — न्याय निष्पक्षता के रूप में।

135. Identify the ***incorrect*** combination of author/thinker and ideas advanced by him/her :

(1) M. Oakeshott — Identify four principal modes of experience.

(2) Vogelin — Equates behaviouralist's value free approach with dogmatic atheism and permissive egalitarianism.

(3) Hanna Ardent — A sense of dignity and responsible freedom in human action as basis for revival of political theory.

(4) John Rawls — justice as fairness.

C643092

136. इनमें से कौन-सा सही संयोजन में *नहीं* है ?

| (क्षेत्रीय इकाइयाँ) | | (देश) |
|---|---|---|
| (1) राज्य | — | ऑस्ट्रेलिया, और संयुक्त राज्य |
| (2) प्रांत | — | बेल्जियम |
| (3) लैंडर | — | जर्मनी और ऑस्ट्रिया |
| (4) कैंटन | — | स्विट्ज़रलैंड |

137. निम्नलिखित में से किसमें संशोधन/परिवर्तन संसद के दोनों सदनों के साधारण बहुमत से *नहीं* किया जा सकता है ?

(1) किसी राज्य के क्षेत्र में विस्तार
(2) नये राज्यों का निर्माण
(3) नये राज्यों का प्रवेश
(4) संसद में राज्यों का प्रतिनिधित्व

138. समानता पर रूसो के विचारों के संबंध में कौन-सा सत्य *नहीं* है ?

(1) नैतिक असमानता प्राकृतिक नहीं बल्कि परंपरा और इतिहास की देन है।
(2) असमानता के कारण दमनकारी कानूनों और गैर-सहमति वाली सरकार की आवश्यकता पैदा होती है।
(3) असमानता विनाशकारी और संघर्षपूर्ण व्यवहार का कारण बनती है।
(4) परिणाम की समानता का तात्पर्य है कि सभी धावक प्रारंभिक बिंदु (सामाजिक स्थिति) और दौड़ने की गति (प्रतिभा और प्रेरणा) की परवाह किए बिना एक साथ दौड़ पूरी करते हैं।

136. Which one is ***not*** in right combination ?

| (Regional units) | | (Country) |
|---|---|---|
| (1) States | — | Australia and USA |
| (2) Provinces | — | Belgium |
| (3) Lander | — | Germany and Austria |
| (4) Cantons | — | Switzerland |

137. Which of the following can ***not*** be amended/alteration by a simple majority of both the Houses of Parliament ?

(1) Increase the area of any state
(2) Creation of new states
(3) Admission of new states
(4) Representation of states in Parliament

138. Which one is ***not*** true regarding Rousseau's ideas on equality ?

(1) Moral inequality is not natural but the product of convention and history.
(2) Inequality leads to the need for coercive laws and non-consensual government.
(3) Inequality causes destructive and conflictual behaviour.
(4) Equality of outcome implies that all runners finish the race simultaneously, regardless of starting point (Social Position) and running speed (talents and motivation).

139. भारत के संविधान के अनुच्छेद 39 का लक्ष्य *नहीं* है :

(1) बालक और अल्पवय व्यक्तियों की शोषण से रक्षा।

(2) बालकों और अल्पवय व्यक्तियों की नैतिक और आर्थिक परित्याग से रक्षा।

(3) बालकों की सुकुमार अवस्था का दुरुपयोग से रक्षा।

(4) बालकों के स्वास्थ्य की नकारात्मक प्रभाव वाली औषधियों से रक्षा।

140. माइकल वाल्ज़र की जटिल समानता की अवधारणा के संबंध में क्या सत्य *नहीं* है ?

(1) वाल्ज़र रॉल्स से सहमत थे कि बुनियादी वस्तुओं की सार्वभौमिक रूप से कल्पना की जाती है और उन्हें समान मूल्य दिया जाता है।

(2) सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग वितरण मानक प्रचलित हैं।

(3) प्रत्येक क्षेत्र के अंदर असमानताएँ हो सकती हैं।

(4) जटिल समानता 'अत्याचार' के विपरीत है।

141. निम्नलिखित में से कौन-से देश में असंहिताबद्ध (अनकोडीफाइड) संविधान *नहीं* है ?

(1) ऑस्ट्रेलिया (2) न्यूज़ीलैंड

(3) यूके (4) इज़राइल

142. अमेरिका के राष्ट्रपति को कितने दिन में नामांकित विधेयक पर हस्ताक्षर या निषेध (वीटो) करना आवश्यक होता है ?

(1) 28 दिन (2) 3 माह

(3) 10 दिन (4) 14 दिन

139. Which is ***not*** the objective of Article 39 of the Constitution of India ?

(1) Protection of childhood and youth against exploitation.

(2) Protection of childhood and youth against moral and material abandonment.

(3) Protection of the tender age of children from abuse.

(4) Protection of children from medicines having negative effects on their health.

140. What is ***not*** true regarding Michael Walzer's concept of complex equality ?

(1) Walzer was agreed with Rawls that basic goods are universally conceived of and given the same value.

(2) Different distribution standard prevail in different spheres of social life.

(3) Within each sphere, there might well be inequalities.

(4) Complex equality is the opposite of 'tyranny'.

141. Among following country which has ***not*** uncodified Constitutions ?

(1) Australia (2) New Zealand

(3) UK (4) Israel

142. In how many days is it necessary for the President of America to sign or veto the enrolled bill ?

(1) 28 days (2) 3 months

(3) 10 days (4) 14 days



C6430092

143. भारत के संविधान के अनुच्छेद 37 के अनुसार राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों की कौन-सी विशेषता *नहीं* है ?

(1) नीति निर्माण में इन सिद्धान्तों को शामिल करना राज्य की बाध्यता है।

(2) किसी भी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं।

(3) निर्धारित सिद्धांत शासन में मूलभूत हैं।

(4) विधि बनाने में इन तत्त्वों को लागू करना राज्य का कर्त्तव्य है।

144. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18वीं लोक सभा के लिए प्रोटेम स्पीकर किसे नियुक्त किया ?

(1) एस. पी. सिंह बघेल
(2) अनवर तारिक
(3) कोडिकुन्निल सुरेश
(4) भर्तृहरि महताब

145. संघवाद के प्रकारों के बारे में कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?

(1) संगत संघवाद तब होता है जब किसी संघीय राज्य की प्रादेशिक इकाइयाँ समान जनसांख्यिकीय संरचना साझा करती हैं।

(2) संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्राज़ील संगत संघवाद के उदाहरण हैं।

(3) असंगत संघवाद तब होता है जब प्रादेशिक इकाइयों की जनसांख्यिकीय संरचना इकाइयों और पूरे देश के बीच भिन्न होती हैं।

(4) स्विट्ज़रलैंड असंगत संघवाद का उदाहरण है क्योंकि इसकी प्रादेशिक इकाइयाँ धार्मिक आधार पर एक-दूसरे से भिन्न हैं।

143. Which is ***not*** a feature of the Directive Principles of State Policy according to Article 37 of the Constitution of India ?

(1) Obligation of state to incorporate these principles in making policy.

(2) Not enforceable by any court.

(3) Principles laid down are fundamental in the governance.

(4) Duty of state to apply these principles in making laws.

144. Who was appointed as the Pro-tem Speaker for 18th Lok Sabha by the President Droupadi Murmu ?

(1) S. P. Singh Baghel
(2) Anwar Tariq
(3) Kodikunnil Suresh
(4) Bhartruhari Mahtab

145. Which one statement is ***not*** correct regarding types of federalism ?

(1) Congruent federalism exist when the territorial units of a federal state share a similar demographic makeup.

(2) USA and Brazil are examples of congruent federalism.

(3) Incongruent federalism exists when the demographic makeup of the territorial units differs among the units and the country as a whole.

(4) Switzerland is example of incongruent federalism as its territorial units differ from one another along religious lines.

**150.** ब्रिटेन के संवैधानिक विकास के संदर्भ में कौन-सा अभिसमय *नहीं* है ?

(1) राजा उस व्यक्ति को प्रधानमंत्री नियुक्त करता है जो हाउस ऑफ कॉमन्स का विश्वास हासिल करने में सक्षम होने की सबसे अधिक संभावना रखता है।

(2) हाउस ऑफ लॉर्ड्स के पास धन विधेयक को अस्वीकार करने की शक्ति नहीं है।

(3) मंत्री सरकारी नीति का समर्थन करने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी से बंधे हैं, भले ही वे निजी तौर पर असहमत हों।

(4) न्यायाधीश सरकारी नीति की आलोचना नहीं करेंगे और मंत्री न्यायाधीशों के व्यक्तिगत निर्णयों की आलोचना नहीं करेंगे।

**150.** Which is ***not*** a convention in the context of constitutional development of Britain ?

(1) The King appoints as prime minister that person who is most likely to be able to command the confidence of the House of Commons.

(2) The House of Lords has not the power of to reject money bills.

(3) Ministers are bound by collective responsibility to support government policy, even if they privately disagree.

(4) Judges will not criticise government policy and ministers will not criticise judges for their individual decisions.

C643092